Title: Request to immediately repair and run the canal along the Road No. 58 in the Chambal area.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : अध्यक्ष महोदय, उस नहर के टूटने से २० लाख किसान प्रभावित हो रहे हैं।

... (व्यवधान)
इससे चार लाख हैक्टेयर क्षेत्र को पानी नहीं मिल रहा है।

... (व्यवधान)
वहां तीन हजार किलोमीटर लम्बी नहर सूख गई है जिसकी वजह से कहीं भी पानी नहीं है।

... (व्यवधान)

अभी हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने कुछ पैसा दिया था जिससे वह नहर ठीक कराई गई लेकिन उसमें भी काफी भ्रष्टाचार किया गया। वह नहर एक दिन के बाद ही फिर टूट गई जिससे किसानों को पानी नहीं मिल रहा है। वहां त्राहि-त्राहि मच रही है।

... (व्यवधान)
जनता आंदोलन कर रही है।

... (व्यवधान)
वहां अभी हाल ही में आंदोलन किया गया था। वहां की जनता ने मेरा घेराव करने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी

----

* Not Recorded.

कहा है कि हम सांसद को यहां घुसने नहीं देंगे।

... (व्यवधान)
मध्य प्रदेश सरकार कुछ नहीं कर रही है। राजस्थान सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार को कभी भी पूरा पानी नहीं दिया है। वह कहती है कि हमारा उन पर २० लाख रुपया बकाया है। जब वह पैसा दे देंगे तब हम पूरा पानी देंगे। यह वहां की स्थिति है।

... (व्यवधान)
मेरा आपसे अनुरोध है कि उस नहर को तुरंत चालू किया जाये और वहां के किसानों को विशेष सुविधा दी जाये।

... (व्यवधान)
इसके साथ-साथ उस क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित किया जाये क्योंकि वहां बिल्कुल भी पानी नहीं है। उस नहर से दो डैम भरे जाते थे, लेकिन अब वे डैम खाली हो गये हैं। मेरा आपसे अनुरोध है कि केन्द्र सरकार इस मामले में दखल दे और उस पर शीघ्र ही कार्रवाई करे।